**डॉ० एस० सिद्धार्थ**, भा०प्र०से०
अपर मुख्य सचिव
शिक्षा विभाग,
बिहार सरकार

बिहार सरकार

विकास भवन, पटना - 800 015
फोन : 0612 - 2217016 (कार्यालय)
फैक्स : 0612 - 2235108
ई-मेल : secy-edn-bih@nic.in

पत्रांक– TBPC/B-225/2024-Part-III- **510**.................. पटना, दिनांक–28.04.2025

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

विषय :– **दिनांक 28.04.2025 से 02.05.2025 तक विशेष अभियान आहूत कर पाठ्य पुस्तकों के वितरण के संबंध में।**

महाशय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षाएं 1 अप्रैल, 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इस क्रम में बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लि0 द्वारा राज्य के सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों पर समग्र शिक्षा 2025–26 के अंतर्गत वर्ग 1 से 8 तक की पाठ्य पुस्तकें पहुंचा दी गयी हैं। आप सुनिश्चित हो लें कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचा दी गयी है। इन पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्य दिनांक 28.04.2025 से 02.05.2025 के बीच निम्नवत् किया जाय :–

1. दिनांक 28.04.2025 से 02.05.2025 तक राज्य के सभी विद्यालयों में प्रासंगिक पाठ्य पुस्तकों का वितरण समारोह का आयोजन कर किया जायेगा।
2. समारोह में बच्चों के माता/पिता/अभिभावकों को और अन्य जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाय और उनकी उपस्थिति में वितरण का कार्य किया जाय।
3. वितरण कार्य का डॉक्यूमेंटेशन अलग पंजी संधारित कर लिया जाय।
4. वितरण समारोह की साफ–सुंदर तस्वीरें भी जिला स्तर पर संधारित कर रखी जायें।
5. दिनांक 28.04.2025 से 02.05.2025 तक चलने वाले इस पाठ्य–पुस्तक वितरण समारोह का प्रतिवेदन जिला स्तर पर समेकित कर टेक्सटबुक कार्यालय को प्रतिदिन संध्या 5 बजे के पहले उपलब्ध कराया जाय।
6. वितरण के दौरान पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता को भी देख लिया जाय। यदि पाठ्यक्रम के पुस्तक गुणवत्ता के मानक के अनुरूप न हो तो इसकी सूचना भी जिला मुख्यालय एवं बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लि0, पटना को अविलम्ब भेजी जाय।

विश्वासभाजन

28/4/2025

(डॉ० एस० सिद्धार्थ)